प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

## करगिल विजय दिवस

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। आकाशवाणी की ओर से उन वीर जवानों को सादर नमन और श्रद्धांजलि जिन्होंने राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करगिल विजय दिवस पर तिरंगे की शान में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सभी वीर जवानों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि इस युद्ध में देवभूमि हिमाचल के 52 वीर सपूतों ने जिस पराक्रम और शौर्य का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, राष्ट्रभक्ति और साहस की प्रेरणा देता रहेगा।

## करगिल विजय दिवस

करगिल विजय दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। करगिल युद्ध में ऐतिहासिक विजय के 26 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय द्वारा 27 जुलाई तक करगिल विजय दिवस को उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, ने कल कारगिल विजय दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान कारगिल युद्ध के 14 वीर सैनिकों को उनकी वीरता और निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। लैफ्टिनैंट जनरल देवेन्द्र सिंह ने कहा कि करगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और देशभक्ति का प्रतीक है जिसमें पालमपुर के वीर सपूत विक्रम बतरा अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

*एक ऐसा दिन जो हर भारतीय के दिल में एक पवित्रता की संवेदना और गर्व की भावना जगाता है। 1999 में जब करगिल के उंचे कठिन और बर्फ से ढके पहाड़ों पर दुश्मन ने चुपचाप कब्जा कर लिया तब भारत ने वीरता का वो प्रदर्शन किया जिसका इतिहास में स्र्वण अक्षरों लिखा गया है कारगिल में 5 सौ 27 वीर सैनिक जिन्होंने भारत माता की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनका त्याग भारत के लिए एक मिसाल बन कर रह गया। यह वीर सैनिक कैप्टन विक्रम बत्तरा परमवीर चक्र यह दिल मांगे मोर बोलकर टायगर हिल पर विजय का झंडा लहराया कब्जा किया और वीरगति को प्राप्त हुए राईफल मैन संजय कुमार परमवीर चक्र खुद घायल होकर भी दुश्मन के बंकर पर कब्जा किया और ऐसे बहुत से वीर जवान जिनका अख़बारों में नहीं आया उनका बलिदान हर फौजी के रूह में दर्ज है*

## पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 27 जुलाई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं जबकि कुछ स्थानों पर वर्षा का समाचार है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने प्रदेश में आज से 31 जुलाई तक कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने आज तीन जिलों मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इस बीच प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के आकलन के लिए हिमाचल पहुंचा केन्द्रीय दल आज मंडी जिले के प्रभावित क्षेत्र धर्मपुर का दौरा करेगा।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

अमर उजाला की सुर्खी है–सैंज में दरका पहाड़–14 परिवारों ने छोड़े घर, रिश्तेदारों के पास ली शरण। पंजाब केसरी की सुर्खी है–प्रभावितों को मकान के लिए भूमि उपलब्ध करवाना बड़ी चुनौती। दिव्य हिमाचल लिखता है–हिमाचल की प्राकृतिक खेती के मुरीद हुए अमित शाह। दैनिक जागरण की सुर्खी है–थुनाग में राजस्व मंत्री को दिखाए काले झंडे, नारे लगे। मौसम पर दैनिक भास्कर का शीर्षक है–प्रदेश में आपदा से एक हजार 4 सौ 39 करोड़ का नुकसान, दो सौ 21 सड़कें बंद।

———————————